संबंधी बकाया राशि की मात्रा का निर्धारण करने के लिए अधिनियम की धारा 7-क के अधीन कार्यवाही भी शुरू की है ।

**जबलपुर-गोन्दिया लाइन को बड़ी लाइन में बदलना**

2056. **श्री मुन्डेर शर्मा :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या जबलपुर-गोन्दिया मीटर गेज लाईन को बड़ी लाईन में बदलने सम्बन्धी कोई योजना तैयार की गई है;

(ख) यदि हां, तो उस पर क्या लागत आएगी ;

(ग) योजना कब कार्यान्वित होनी शुरू हो जाएगी; और

(घ) योजना का कार्य कब तक पूरा हो जाएगा ?

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सी. के. जाफर शरीफ):** (क) से (ग). गोन्दिया-जबलपुर छोटी लाइन को बड़ी लाइन में बदलने के लिए प्रारम्भिक इंजीनियरी-एवं-यातायात सर्वेक्षण का काम पूरा कर लिया गया है। सर्वेक्षण रिपोर्ट की दक्षिण-पूर्व रेल प्रशासन द्वारा समीक्षा की जा रही है और आशा है कि यह रिपोर्ट दो एक महीने में प्रस्तुत कर दी जायेगी। सर्वेक्षण रिपोर्ट प्राप्त हो जाने और सभी पहलूओं, जिनमे वित्तीय अर्थ क्षमता और धन की उपलब्धता भी शामिल है, से उसकी जांच कर लिये जाने के बाद ही इस सम्बन्ध में कोई विनिश्चय किया जायेगा।

**Rolling Stock Procurement Programme**

2057. SHRI JYOTIRMOY BOSU: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether, as reported in the *Business Standard*, Calcutta, of the February, 1980 the rolling stock procurement programme of the Railways is being slashed from the earlier projected 20,000 wagons (in terms of four-wheelers) to only 13,500 for 1980-81; and

(b) if so, the facts thereof and the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI C. K. JAFFER SHARIEF): (a) and (b). Procurement of wagons is arranged by the Railways taking into account the traffic demands and the availability of funds from year to year. Consistent with the allocaton of funds for 1980-81. procurement of 8,5000 wagons in terms of four-wheelers has been planned. There was no proposal to acquire 20.000 wagons in terms of four-wheelers during 1980-81.

**रुग्ण मिलों में कर्मचारी और श्रम दिवसों की हानि**

2058. **श्री राम विलास पासवान :** क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रिर्जव बैंक/भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा रूग्ण घोषित गए 313 मिलों में से प्रत्येक में गत तीन वर्षों से, वर्षवार विभिन्न श्रेणियों के कितने प्रशिक्षित और अप्रशिक्षित कर्मचारी काम कर रहे है;

(ख) उनका उद्योग-वार और राज्य-वार वार्षिक ब्यौरा क्या है और उपरोक्त अवधि के दौरान इन मिलों में हड़तालों और तालाबन्दी के आंकड़े क्या है; और

(ग) उपरोक्त कम्पनियों में हड़तालों और तालाबन्दी के परिणामस्वरूप श्रम दिवसों की जो हानि हुई है उसका उद्योग वार और राज्यवार ब्यौरा और आंकड़े क्या है ?

**पर्यटन और नागर विमानन और श्रम मंत्री (श्री जे. बी. पटनायक):** (क) से (ग). अपेक्षित सूचना संबंधित स्रोतों से एकत्र की जा रही है और यथासमय सदन की मेज पर रख दी जाएगी।

**अहमदाबाद और जबलपुर के बीच सीधी रेल सेवा**

2059. **श्री मुन्डेर शर्मा :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या जबलपुर और कटनी के व्यापार और वाणिज्य के लिए अहमदाबाद मंडी बहुत

महत्वपूर्ण है और इस बात को दृष्टि में रखते हुए व्यापार की प्रगति के लिए अहमदाबाद और जबलपुर के बीच सीधी रेल सेवा आरंभ किया जाना बहुत आवश्यक है और अनेक संस्थानों और संगठनों ने रेलवे विभाग को इस आशय के मांग पत्र भेजे हैं;

(ख) क्या अहमदाबाद और जबलपुर के बीच सीधी रेल सेवा आरम्भ करने का प्रस्ताव विचाराधीन है और यदि हां, तो इसको कब तक क्रियान्वित किया जायेगा; और

(ग) क्या गंगा-कावेरी एक्सप्रेस रेलगाड़ी को कोचीन तक चलाकर जबलपुर को दक्षिण भारत से सीधे जोड़ने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है और यदि हां, तो कब तक इसे क्रियान्वित किया जायेगा; यदि नहीं, तो गंगा-कावेरी एक्सप्रैस रेलगाड़ी को कोचीन तक न चलाने के लिए क्या कठिनाइयां हैं ?

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सी. के. जाफर शरीफ)**: (क) और (ख). अहमदाबाद और जबलपुर को सीधे रेल सम्पर्क द्वारा जोडने के लिए अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं। लेकिन, परिचालनिक कठिनाइयों के कारण अहमदाबाद और जबलपुर के बीच ऐसी गाड़ी चलाना व्यावहारिक नहीं पाया गया है।

(ग) इस समय, ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। लेकिन मार्गवर्ती खण्डों पर लाइन क्षमता की कठिनाइयों के कारण गंगा-कावेरी एक्सप्रैस को कोचीन तक बढ़ाना व्यावहारिक नही है।

**Super-fast Train from Puri to New Delhi**

2060. SHRI CHINTAMANI JENA: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state what will be the time coverage for the proposed superfast train from Puri to reach the destination New Delhi and the number of stoppages to be provided?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI C. K. JAFFER SHARIEF): The proposed Triwekly Express trains named 175/176 NEELACHAL EXPRESS between Puri and New Delhi via Bhubaneswar, Tatanagar, Bokaro, Gaya and Varanasi w.e.f. 1-4-80 will cover distance in about 33 hrs. and 40 mts. in one direction and 34 hrs. and 10 mts. in the other direction. There will be only 15 stoppages between Puri and New Delhi.

**DTC Service from Lampur Border to Central Secretariat and other Rural Areas of Delhi**

2061. SHRI UTTAMRAO PATIL: will the Minister of SHIPPING and TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that DTC have not evolved any comprehensive time bound programme for the improvement of DTC bus service covering Lampur Border (Narela) Alipur and other adjoining areas;

(b) if so, the reasons therefor and the remedial action Government propose to take in this regard in view of the deteriorating DTC service in these rural areas of Delhi;

(c) whether it is a fact that DTC bus service from Azadpur Terminal to Lampur—Singhu Border—Alipur route is not up to the mark, if so, what is the number of trips missed monthwise on this route; and

(d) whether it is a fact that DTC has provided a special bus service from Dhansa Border to Central Secretariat Terminal, if so, what are the reasons that DTC is not providing special trips from Lampur Border to Kendriya Terminal despite long standing demand and poor and inadequate changeover facilities for daily commuters?

THE MINISTER OF SHIPPING AND TRANSPORT (SHRI A. P. SHARMA): (a) and (b). No, Sir. DTC has continuous programme of improving its services in all parts of the Union territory including Lampur Border and Alipur and other adjoining areas. DTC cannot, however prepare a time bound programme for improvement of